न्यायालय उपखण्ड अधिकारी परबतसर, (डीडवाना–कुचामन) राज.

पीठासीन अधिकारी :– श्री रामकुमार टाडा, आर.ए.एस

प्रार्थीगणः–

1. बनवारी पुत्र गीता देवी पत्नी पाबूराम जाति बावरी निवासी गूलर हाल निवारी करकेड़ी
2. सुरेश पुत्र गीता देवी पत्नी पाबूराम जाति बावरी निवासी गूलर हाल निवारी करकेड़ी
3. दुर्गा देवी पुत्री गीता देवी पत्नी पाबूराम जाति बावरी निवासी गूलर हाल निवारी करकेड़ी
4. सीता देवी पुत्री गीता देवी पत्नि पाबूराम जाति बावरी निवासी गूलर हाल निवारी करकेड़ी
5. पार्वती पुत्री गीता देवी पत्नी पाबूराम जाति बावरी निवासी गूलर हाल निवारी करकेड़ी

बनाम

अप्रार्थी :–

तहसीलदार परबतसर

प्रार्थना–पत्र बाबत् :– 136 एल.आर.एक्ट

उपस्थित :– श्री श्यामनिरंजन बोहरा प्रार्थी

मुकदमा नम्बर :– 2024/5 निर्णय दिनांक :–03.06.2025

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी परबतसर (डीडवाना-कुचामन)

निर्णय

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता श्री श्यामनिरंजन बोहरा ने यह प्रार्थना–पत्र पेश किया है कि ग्राम गुलर पटवार हल्का गुलर तहसील परबतसर की सरहद में खेत खसरा नम्बर 1356 रकबा 6.1300 हैक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त भूमि में प्रार्थीगण सहखातेदार है। प्रार्थीगण के नाना मांगीलाल के एक मात्र संतान प्रार्थीगण की माता गीता देवी थी जिसका स्वर्गवास दिनांक 10.12.2006 को हो चुका है। प्रार्थीगण गीता देवी के विधिक वारिसान है। राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीगण के पिता का नाम गलती से मांगीलाल दर्ज हो रखा है। जबकी प्रार्थीगण का राजस्व रेकर्ड में नाम पिता मांगीलाल के स्थान पर प्रार्थीगण की माता गीतादेवी का नाम दर्ज होना चाहीए था। मांगीलाल प्रार्थीगण के पिता नहीं नाना थे। प्रार्थीगण के पिता पाबूराम है जो प्रार्थीगण के पिता पाबूराम है जो प्रार्थीगण की माता गीतादेवी के पति है प्रार्थीगण को यह भूमि अपने नाना से माता गीतादेवी व गीतादेवी से प्रार्थीगण को प्राप्त हुई है। प्रार्थीगण ने राजस्व रेकंर्ड की नकले निकलवाई तब इस तथ्य की जानकारी हुई। इसलिए प्रार्थीगण ने प्रार्थीगण के पिता मांगीलाल के स्थान पर प्रार्थीगण की माता गीतादेवी पुत्री मांगीलाल पत्नि पाबूराम का नाम दर्ज किये जाने की की इस्तदुआ चाही है।

प्रार्थना–पत्र वकील प्रार्थी द्वारा पेश किए जाने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी सरकार को जवाब हेतु लिखा जाने पर तहसीलदार परबतसर द्वारा जवाब भिजवाया गया,

उपखण्ड अधिकारी परबतसर

जिसके अनुसार प्रार्थी बनवारी, सुरेश, दुर्गा, सीतादेवी, पार्वती पुत्र/पुत्री गीतादेवी ग्राम गुलर के खसरा नम्बर 1356 में सहखातेदार है, नामान्तरण संख्या 666 के साथ संलग्न दस्तावेज के अनुसार मांगीलाल के एक पुत्री गीता देवी थी जिसकी मृत्यु होने पर वारिसान बनवारी, सुरेश, दुर्गा, सीतादेवी, पार्वती पुत्र/पुत्री गीतादेवी है साथ ही नामान्तरण संख्या 666 के संलग्न शपथ–पत्र व गांव में पूछताछ में प्रार्थीगण के नाना का नाम मांगीलाल और माता का नाम गीता देवी ही है । इस प्रकार प्रार्थीगण बनवारी, सुरेश, दुर्गा, सीतादेवी, पार्वती पुत्र/पुत्री गीता देवी है व गीता देवी पुत्री मांगीलाल है। अतः जवाब सरकार आने से जवाब बन्द कर वकील प्रार्थी की बहस एक पक्षीय सुनी गई। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना–पत्र का समर्थन करते हुए खसरा नम्बर 1356 रकबा 6.1300 हैक्टरअ भूमि में प्रार्थीगण के पिता मांगीलाल के स्थान पर प्रार्थीगण की माता गीतादेवी पुत्री मांगीलाल पत्नि पाबूराम का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

हमने वकील प्रार्थी की बहस पर मनन किया। प्रार्थी ने प्रार्थना–पत्र के साथ जमाबंदी सम्वत 2075–2078, जमाबंदी सम्वत 2073–2076 पेश की है, जिसमें प्रार्थीगण सहखातेदार है। साथ ही ग्राम पंचासत करकेड़ी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र जिसमें गीतादेवी पत्नि पाबूराम, पुत्री मांगीलाल के वारिसान दुर्गादेवी, बनवारी, सीतादेवी, पार्वती व सुरेश बताया है। इस प्रकार ग्राम पंचायत प्रमाण–पत्र में प्रदर्शित वारिसान व जवाब सरकार में प्रार्थीगण को गीतादेवी पत्नि पाबूराम का वारिसान बताया है। इस प्रकार रिकॉर्ड दुरूस्त किया जाना उचित समझते है।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम गुलर पटवार हल्का गुलर तहसील परबतसर की सरहद में खेत खसरा नम्बर 1356 रकबा 6.1300 हैक्टेयर भूमि के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीगण के पिता मांगीलाल के स्थान पर प्रार्थीगण की माता गीतादेवी पुत्री मांगीलाल पत्नि पाबूराम का नाम दर्ज किए जाने के आदेश दिए जाते है। तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदारामद हो।

यह निर्णय आज दिनांक 03.06.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
(रामकुमार [illegible])
परबतसर
उपखण्ड अधिकारी
परबतसर

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी
परबतसर (डीडवाना-कुचामन)